आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आयुष्मान योजना की समीक्षा की। मरीज रैफर करने पर सरकारी चिकित्सा संस्थानों को स्पष्ट करनी होगी ठोस वजह।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल नई दिल्ली में अल्मोड़ा जिले के शिक्षक मोहन चंद्र कांडपाल को जल पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- नैनीताल में लोअर मॉल रोड के स्थायी उपचार की कवायद शुरू। रोड सर्वे का काम टीएचडीसी को सौंपा गया।
- अल्मोड़ा में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन। ग्यारह विकासखंडों से चयनित करीब 400 छात्र–छात्राओं ने भाग लियइं

स्वास्थ्य समीक्षा

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आयुष्मान योजना में सरकारी सिस्टम की भागीदारी और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए इस दिशा में शीघ्र ही ठोस कदम उठाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। देहरादून में आयुष्मान योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में आयुष्मान योजना का लाभ जन जन तक पहुंच रहा है। जनकल्याण के इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना, जन–जीवन से जुड़ी बेहद अहम योजना है, इसकी संवेदनशीलता अन्य योजनाओं से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क उपचार के लिए ज्यादातर लोग सरकारी के बजाए निजी अस्पतालों में जा रहे हैं। अगर अधिक लाभार्थी सरकारी अस्पतालों या मेडिकल कॉलेजों में उपचार कराएं, तो इससे योजना खर्च में कमी लाई जा सकती है। डॉ. रावत ने कहा कि सरकारी संस्थानों में ही समुचित उपचार की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मरीजों को सरकारी अस्पतालों में ही बेहतर उपचार मिले इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से प्रभावी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल से मरीज को रैफर करने की वजह, वहां तैनात चिकित्सा अधिकारी को स्पष्ट करनी होगी। इसके लिए हर एक की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

जल पुरस्कार

अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट के ग्राम कांडे निवासी शिक्षक मोहन चंद्र कांडपाल को जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य को लेकर कल 18 नवंबर को नई दिल्ली में जल पुरस्कार दिया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी। श्री कांडपाल पुरस्कार लेने के लिए दिल्ली रवाना हो गये हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान मिलना उनके लिए और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

गौरतलब है कि शिक्षक मोहनचंद्र कांडपाल ''पानी बोओ, पानी उगाओ'' अभियान के तहत 2012 से सूख रही रिस्कन नदी को बचाने की मुहिम चला रहे हैं। इस मुहिम में उन्होंने लगभग 40 गांवों के ग्रामीणों व महिला समूहों को अपने साथ जोड़ा। ग्रामीणों, महिला समूहों स्कूली छात्र छात्राओं के साथ मिलकर उन्होंने पेड़ पौधे लगाने शुरू किए और बंजर पड़े खेतों में खाल खंतीया बनानी शुरू की और उनकी यह मुहिम रंग लाई। आज पूरे क्षेत्र के सूख चुके नौले पानी से भरे हुए हैं।

सड़क मरम्मत/सचिव

प्रदेश में आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि आपदा के बाद जिन रास्तों को नुकसान पहुंचा था, उन्हें आवामगन के लिए सुचारू कर दिया गया है। वहीं, जिन स्थानों पर बड़े पैमाने पर मरम्मत की आवश्यकता थी, उनके लिए एस्टीमेट तैयार कर स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है। सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त कर दिया गया है। इसे क्रॉस चैक करने के लिए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने स्तर से सड़कों की स्थिति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों ने निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

लोअर माल रोड

नैनीताल की लोअर माल रोड के धंसने और इसमें आई दरारों को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस समस्या का स्थायी समाधान करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत रोड के सर्वे का काम टीएचडीसी को सौंपा गया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि टीएचडीसी और लोक निर्माण विभाग मिलकर लोअर माल रोड का निर्माण करेंगे।

विज्ञान प्रदर्शनी अल्मोड़ा

अल्मोड़ा के पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी और विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला विज्ञान समन्वयक विनोद कुमार राठौर ने बताया कि प्रदर्शनी में जिले के 11 विकासखंडों से चयनित करीब 400 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों ने सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, स्वास्थ्य, जल संरक्षण और गणितीय मॉडल जैसे विषयों पर नवाचार प्रस्तुत किए। विषय विशेषज्ञों ने सभी मॉडलों और विज्ञान नाटकों का निरीक्षण किया। चयनित छात्र 18 से 20 नवंबर को हल्द्वानी–नैनीताल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

जूनियर वर्ग की छात्रा पल्लवी जलाल ने उभरती प्रौद्योगिकियों पर आधारित स्मार्ट मशीन का मॉडल प्रस्तुत किया।

वहीं, सीनियर वर्ग के हर्षित बिष्ट ने अपशिष्ट प्रबंधन पर मशीन बनाकर अपना नवाचार दिखाया।

<u>हाउस सील</u>

देहरादून में बिना लाइसेंस संचालित एक अवैध डॉग बोर्डिंग हाउस पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर शिमला बाईपास स्थित इस डॉग केयर सेंटर को एसडीएम कुमकुम जोशी की टीम ने सील कर दिया। छापेमारी के दौरान सेंटर से 10 श्वान और बिल्लियां मिलीं, जिन्हें अब एनजीओ को सौंपा जाएगा। जांच में यह भी सामने आया कि सेंटर में न उचित सुविधा थी और न ही लाइसेंस उपलब्ध कराया गया। टीम को सहयोग न मिलने पर प्रशासन ने इसे गंभीर उल्लंघन माना और तुरंत सीलिंग की कार्रवाई की। शहर में पालतु जानवर के काटने की बढ़ती घटनाओं पर जिलाधिकारी ने कड़ा संज्ञान लेते हुए सभी अवैध पेट शॉप और केयर सेंटरों पर अभियान तेज करने के निर्देश जारी किए हैं।